नवभारत Pune | 11 February 2026 | Page 3

सुविधा : सुरक्षा व आजीवन सामुदायिक सहयोग

दिव्यांगों के लिए परांजपे की अनूठी पहल 'स्वनिकेतन'

आवास क्षेत्र में बनी नई मिसाल

■ **पुणे, (सं.)** प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी परांजपे स्कीम्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने दिव्यांग व्यक्तियों और उनके परिवारों के लिए भारत का पहला विशेष आवासीय समुदाय 'स्वनिकेतन' प्रस्तुत किया है. इस परियोजना का उद्देश्य उन माता-पिता की सबसे बड़ी चिंता को दूर करना है कि उनके बाद उनके विशेष बच्चों की देखभाल कौन करेगा. हाल ही में जारी इसके पहले टेलीविजन विज्ञापन में सम्मान, सुरक्षा और आजीवन सामुदायिक सहयोग की इस अनूठी संकल्पना को भावनात्मक रूप से दर्शाया गया है. परांजपे स्पेशल प्रोजेक्ट्स के तहत विकसित इस इकोसिस्टम में सुगम डिजाइन, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और दैनिक देखभाल जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं शामिल हैं. प्रबंध निदेशक शशांक परांजपे के अनुसार, यह केवल एक हाउसिंग प्रोजेक्ट नहीं बल्कि सशक्तिकरण पर आधारित एक समुदाय है. स्वनिकेतन के माध्यम से कंपनी समावेशी और सामाजिक रूप से उत्तरदायी आवास क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश कर रही है.